तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 23 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड




13 होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उमंग, उत्साह और...



14 अंतर्राष्ट्रीय सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2025 का...


मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
T&C*


## खबर संक्षेप

### कलार समाज का होली मिलन आज

**धमतरी।** कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा होली मिलन एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 23 मार्च को सुबह 11 बजे सिन्हा छात्रावास भवन कलार समाज धमतरी में किया गया है। यह जानकारी संतोष सिन्हा मंडलेश्वर धमतरी मंडल, देवकरण गजेन्द्र सचिव, हेमशंकर सिन्हा कोषाध्यक्ष ने दी है।

### सतनामी समाज की बैठक 23 को

**धमतरी।** सतनामी समाज की जिलास्तरीय बैठक 23 मार्च को डोंगेश्वरधाम देवपुर में 12 बजे होगी। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर ने समाज के सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है। वर्तमान में जिला अध्यक्ष का पद रिक्त है। इस संबंध में विशेष चर्चा होगी।

### कर्मा जयंती पर 24 को निकलेगी बाइक रैली

**धमतरी।** कर्मा माता जयंती की पूर्व संध्या पर 24 मार्च सोमवार को शाम 4 बजे बाइक रैली बिलाई माता मंदिर से निकाली जायेगी जो सदर बाजार, अर्जुनी चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक होते हुए कर्मा चौक गोकुलपुर पहुंचेगी। शाम 6 बजे महाआरती होगी।

### ओपन स्कूल के प्रवेश पत्र का वितरण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा अप्रैल 2025 के मुख्य एवं अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण 22 मार्च से डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में शालेय समय में किया जा रहा है। ओपन स्कूल विभाग के प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 26 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 तक होगी।

### कोसरिया पटेल मरार समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**धमतरी।** कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरी राज का वार्षिक सम्मेलन 23 मार्च रविवार को पटेल सभा भवन आमापारा जालमपुर रोड धमतरी में होगा। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता बिशेषर पटेल संरक्षक कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरीराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि सगुन पटेल अध्यक्ष कोसरिया पटेल मरार समाज, नीलेश लुनिया एमआईसी मेम्बर ननि धमतरी, विजय मोटवानी एमआईसी मेम्बर, हेमंत बंजारे पार्षद महंत घासीदास वार्ड, अशोक पटेल संरक्षक, भूषण पटेल उपाध्यक्ष कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरीराज होंगे। समाज के सचिव गोपालन पटेल, नील पटेल, मनीष पटेल, गेवेन्द्र पटेल, दिलीप पटेल, बबला पटेल, चन्द्रकला पटेल, बिमला पटेल, श्यामा पटेल, गजेंद्र पटेल, प्रकाश पटेल, रोशन पटेल, राजेंद्र पटेल ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल ने दी है।

भोयना, मथुराडीह में ओलावृष्टि के साथ हुई जमकर बारिश

# मेघमय मौसम से किसानों की उड़ी नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। खासकर चना लगाने वाले किसान सहमे हुए हैं। कई इलाकों में हुई ओलावृष्टि और बारिश से किसानों को काफी नुकसान भी हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धीरे-धीरे मौसम में सुधार आएगा। आगामी 4 दिनों में लगातार तापमान में बढ़ोतरी होगी। कृषि विभाग ने किसानों को शीघ्र की चने की मिंजाई करवाने की सलाह दी है।

शासन की सलाह पर जिले के अधिकांश किसानों ने दलहन, तिलहन की फसल लगाई है। अब फसल तैयार है। करीब 40 प्रतिशत किसानों ने चना सहित अन्य फसलों की कटाई-मिंजाई भी कर ली है। बड़ी संख्या में किसान अभी भी मिंजाई नहीं कर पाए हैं। उधर दो दिन से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। कहीं पर बारिश तो कहीं पर ओलावृष्टि हो रही है। मौसम के बदले हुए तेवर ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों ने खड़ी फसल की कटाई रोक दी है। जो किसान कटाई कर चुके हैं। वे खरही को झिल्ली तिरपाल से ढंककर बारिश से बचाने की कोशिश में लगे हुए हैं। किसान खेमराज सिन्हा, कौशल साहू ने बताया कि चना थोड़ा भी पानी नहीं झेल पाता है। हल्की बारिश में भी चने की क्वालिटी काफी खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि वे आधी फसल की ही कटाई कर पाए हैं। कटाई और मिंजाई के लिए मौसम के सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।





### फसल की क्वालिटी में असर पड़ेगा

भोयना, मथुराडीह क्षेत्र में ओलावृष्टि और बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है, लेकिन इस मौसम ने किसानों को काफी क्षति पहुंचाई है। दलहन, तिलहन के साथ सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। धान की फसल भी प्रभावित हुई है। ओला गिरने से चने झड़ गए हैं। बारिश से क्वालिटी में भी असर पड़ेगा। वहीं आम की फसल को भी नुकसान पहुंचेगा। आम के फल झड़ गए हैं।

### मौसम में हुआ परिवर्तन

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण मध्य छत्तीसगढ़ के आसपास समुद्र तल से 1.5 किमी उपर तक फैला हुआ है। दक्षिण पूर्व उत्तरप्रदेश से दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका वायु असंतत बनी हुई है जो मध्य छत्तीसगढ़ और आसपास से गुजर रही है। रविवार को प्रदेश के एक स्थानों पर बारिश होने, तेज हवा चलने, गरज-चमक की संभावना है। धीरे-धीरे मौसम के साफ होने की उम्मीद है।

# जिस पर रखवाली की जिम्मेदारी, उसने ही ले ली किसान की जान

■ अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

किसान ने खेतों की सुरक्षा के लिए जिसे चौकीदार नियुक्त किया था, उसने ही शराब के नशे में किसान की जान ले ली। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दी। इसके अतिरिक्त 1 हजार रुपए अर्थदंड भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

घटना केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फुड़हरधाप की है। यहां रहने वाला रामसम्मुख ने अपने साढ़ू.भाई दीपक नेताम को साथ में खेती करने के लिए फुड़हरधाप बुलाया था। दोनों ने मिलकर करीब डेढ़ एकड़ में धान की फसल लगाई थी। रखवाली के लिए बठेना धमतरी निवासी तेजेश्वर महार को नियुक्त किया था, जो खेत में बनी झोपड़ी में जाकर खेत की रखवाली करता था। 28 फरवरी 2024 को शाम करीब 6 बजे तेजेश्वर शराब पीकर आया और झोपड़ी में बैठा हुआ था। रात करीब 8 बजे रामसम्मुख नेताम वहां आया और तेजेश्वर महार को खाना खाने के लिये बुलाने लगा। इसी दौरान दीपक भी पहुंच गया। तेजेश्वर महार को अत्याधिक शराब के नशे में देखकर रामसम्मुख ने उसे समझाइश दी कि ठीक से काम करें और अत्यधिक शराब न पिए। इसके बाद रामसम्मुख वहीं पर कुर्सी में बैठकर पानी पीने लगा। तेजेश्वर गुस्से में वहां पर आया और सब्जी काटने के चाकू से रामसम्मुख पर हमला बोल दिया। इस घटना में रामसम्मुख की मौत हो गई। यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी के न्यायालय में चला। सभी गवाहों और सबूतों पर गौर करने के बाद न्यायाधीश श्री तिवारी ने तेजेश्वर को आजीवन कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गुलाब भारती गोस्वामी ने की।

# पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने 51 पौधों का किया रोपण



■ अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस पर पुलिस कार्यालय परिसर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस पर पुलिस कार्यालय परिसर में एसपी, डीएसपी सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने 51 पौधों का रोपण किया। 21 मार्च को वन दिवस पर पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कि सभी पुलिस थानों, चौकी, पुलिस लाइन परिसर व अपने गांव व शहर में पर्यावरण को बचाने के लिए पौधा रोपण करते रहेंगे। अपने व बच्चों के बेहतरीन भविष्य के लिए जल व वायु को बचाने ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। इस दौरान एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरीक्षक अखिलेश शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, प्रेमप्रसाद उपाध्याय, एएसआई दिनेश चंदेल, प्रेमलाल सिन्हा, रामअवतार राजपूत, रिखीराम साहू, शिव मिश्रा, टीकाराम साहू, लता राजपूत, डोमन ध्रुव, राजेश दीवान, दूजराम सोनवानी सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




# निराई माता की जातरा में उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को खुलेगा माता का दरबार, श्रृंगार नहीं सोना-चांदी की भेंट होती है स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी दूर ग्राम पंचायत मोहेरा स्थित माता निराई के जातरा का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। यूं तो देशभर में अनेक रहस्यमयी मंदिर और देवस्थान है लेकिन माता निराई अपनी अलग विशेषता के कारण देशभर में प्रसिद्ध है। यहां माता की गुफा साल में एक बार खुलती है। चैत्र नवरात्रि से पहले रविवार को अनवरत प्रज्वलित दिव्य ज्योति का दर्शन करने छत्तीसगढ़ से ही नहीं देश के विभिन्न प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दिन माता के जातरा में लगभग एक लाख लोग शामिल होते हैं। हजारों बकरों की बलि दी जाती है। निराई माता को सिंदूर, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल, सुहाग आदि नहीं चढ़ाया जाता है। माता की पूजा नारियल, अगरबत्ती से होती है। शराब सेवन कर दर्शन के लिए जाने वाले लोगों को मधुमक्खियों के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित गांव निराई में चैत्र नवरात्रि को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

निराई माता सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर, पुजारी नरोत्तम ध्रुव ने बताया कि घने जंगल के बीच पहाड़ी पर माता निराई की गुफा है। इस गुफा में दिव्य ज्योति अनवरत प्रज्ज्वलित रहती है जिसका दर्शन साल में एक बार चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को होता है। देवी के निराकार होने के कारण इसका नाम निराई माता पड़ा है। उन्होंने माता निराई के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि पहाड़ी के नीचे खार में एक सिद्ध पुजारी रहता था। वह बाघों को हल में फांदकर किसानी करता था। पुजारी की श्रद्धा भक्ति से माता प्रसन्न थी। माता क्वांरी कन्या के रूप में पुजारी को दर्शन देती थी। वह पुजारी के लिए खाना लाती थी और अपने हाथों से खिलाती थी। पुजारी की पत्नी भी उसके लिए खाना लाती थी लेकिन भोजन बचा रहता था। उसने देखा कि एक लड़की उसके पति को अपने हाथों से खाना खिला रही है तो वह आगबबूला हो गई। वह देवी को अनाप-शनाप बोलकर लड़ने लगी। देवी पुजारी की पत्नी के व्यवहार से रूष्ठ हो गई । आज के बाद किसी भी स्त्री का मुंह नहीं देखूंगी कहकर वह अंतर्ध्यान हो गई तबसे महिलाओं का मंदिर में दर्शन के लिए प्रतिबंध है।









सभी फाइल फोटो

### पहले पहाड़ी पर दी जाती थी बलि

सेवा समिति के संरक्षक नेमलाल साहू ने बताया कि पहले चैत्र नवरात्रि में पहाड़ी पर पूजा पाठ किया जाता था। एक बार चैत्र नवरात्रि में पुजारी माता की पूजा-अर्चना करने पहाड़ी पर पहुंचा। वहां पुजारी ने पूजा पाठ कर नींबू काटा और वापस चला आया। वापस आने पर वह देखा कि नींबू काटने वाला हथियार (कटरा) पूजा स्थल पर छूट गया है। पुजारी जब कटरा लेने के लिए पहाड़ी की ओर जा रहा था तो देखा कि माता अपनी अन्य देवियों के साथ खाना ख रही थी। तभी माता ने चिल्लाकर कहा वहीं रूक जा मैं तुम्हारे कटरा को फेंक रही हूं। जहां पर गिरेगा वहीं पर आज से उसकी पूजा होगी। तबसे पहाड़ी के नीचे गिरे कटरा के स्थान पर पूजा पाठ होता है। उन्होंने बताया कि 12 महीने में एक बार चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को माता का स्थान दर्शन के लिए खुलता है। माता को सिर्फ सोना और चांदी की भेंट चढ़ती है। कुमकुम, श्रृंगार, गुलाल, बंदन से पूजा नहीं होती है। देवी के दरबार (गुफा) में अनवरत बिना तेल के ज्योति प्रज्ज्वलित रहती है जिसका दर्शन भाग्यशाली को मिलता है। माता की श्रद्धा से पूजा करने से संतति, धंधा, स्वास्थ्य, अदालती केस जैसी अनेक समस्याओं का निराकरण हो जाता है। उन्होंने बताया कि जातरा के दिन छत्तीसगढ़ ही नहीं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा सहित अनेक प्रदेश से लोग पहुंचते हैं। जातरा के पहले दिन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति भंडारा की व्यवस्था करती है।

संचालनालय ने 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने का आदेश जारी किया था

# पंचायत सचिवों ने आदेश कापी की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मंगलवार से चली आ रही पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच शासन ने शनिवार को 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने का आदेश निकाल दिया। काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई के संकेत भी दिए हैं। इसकी जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्राम पंचायत सचिवों ने आदेश कापी की प्रतियां जलाई एवं जमकर नारेबाजी की।

हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव भूपेश कुमार सिन्हा, अशोक कुमार साहू, भिनेश्वरी साहू, अभिषेक तिवारी, चुन्नूराम ध्रुव, चन्द्रहास धुव, चन्द्रहास नेताम, धनेश्वरी नेताम, पूर्णिमा साहू, दीपक नेताम, दशवंश ध्रुव, ध्रुवदास बघेल, डिगेश्वरी निषाद, गजेन्द्र कुमार नेताम, गिरवर साहू, गुप्तेश्वर साहू, घनश्याम साहू ने बताया कि शासकीयकरण की मांग को लेकर प्रदेश आव्हान पर जिले के पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। काम पर लौटने के आदेश पर पंचायत सचिव आक्रोशित हो गए हैं। नारेबाजी के बीच गांधी मैदान में आदेश कापी की प्रतियां जलाई गई। सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। साल भर बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसे देखते हुए हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है। हड़ताल के दौरान पंचायत विभाग से सभी सीईओ को आदेश जारी किया गया है कि पंचायत सचिवों की हड़ताल से पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। पंचायत द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवा, हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। कार्य की अनिवार्यता को देखते हुए संचालनालय ने पंचायत सचिवों को 24 घंटे के अंदर काम पर वापस आने का आदेश दिया है। आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। सचिवों ने इस आदेश की प्रतियां जलाई।



### जहर सेवन से बुजुर्ग की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय बठेना नहरपार निवासी मंगलूराम सिन्हा पिता जैनसिंग उम्र 76 वर्ष घर पर ही रहता था। सालभर पहले वृद्ध मुनगा तोड़ते समय पेड़ से गिर गया था। गिरने से उसका हाथ टूट गया। अस्पताल में उपचार चल रहा था। शुक्रवार की सुबह पुत्र कमलेश सिन्हा अपने पुराने घर की तरफ गया था। इसी दौरान वृद्ध ने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में पुत्र कमलेश को बुजुर्ग पिता के जहर सेवन की जानकारी हुई। इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।


पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### कर्मा जयंती पर लोक चिन्हारी भरथरी की प्रस्तुति

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 25 मार्च मंगलवार को मां कर्मा भवन स्कूलपारा मेघा में किया जाएगा। समाजजनों द्वारा दोपहर तीन बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। शाम पांच बजे महाआरती, पूजन एवं प्रसादी का वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसो जिला बालोद हेमलता पटेल की प्रस्तुति होगी।

### सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती 25 मार्च को

**पुरूर(धमतरी)।** झिरिया ग्रामीण साहू समाज ग्राम चिटौद द्वारा सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती उत्सव का आयोजन 25 मार्च को रखा गया है। इस अवसर पर मां कर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि आरडी साहू, प्रमिला साहू, मिथलेश साहू, पीताम्बर साहू, तुलाराम साहू, तीरथ यादव सरपंच, सुरेन्द्र तिवारी, रमेश प्रसाद जोगी, कुमारी साहू, शादिक अली, केशव पटेल होंगे। शुभारंभ सुबह 10 बजे कलशयात्रा से होगी। 12 बजे मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजा आरती होगी। दोपहर 2 बजे सामाजिक भवन का लोकार्पण होगा।

### मृत मवेशी का किया अंतिम संस्कार

**नगरी।** शुक्रवार की रात्रि नगर के वार्ड क्रमांक 01 में अज्ञात बस चालक ने मवेशी को ठोकर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



इसकी सूचना पूर्व पार्षद संतोष गंगेश ने तत्काल पार्षद राजा पवार को दी। राजा पवार ने दुर्गेश साहू को घटना की जानकारी दी। जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर मृत मवेशी का अंतिम संस्कार विधि-विधान से किया गया। मौके पर सुरेंद्र लहरे, राकेश साहू, रोशन साहू समेत बड़ी संख्या में मुहल्लेवासी मौजूद थे।

**न्यायालय श्रीमान सुश्री कुमुदनी गर्ग व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
न्याय.क्यु. क्रमांक दिनांक 20/03/2025
प्रो.क्र. 75/25

**सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, वादी फग्गुराम वगैरह के द्वारा प्रतिवादीगण के विरूध्द माननीय न्यायायालय में वादग्रस्त भूमि ग्राम जोरातराई, प.ह.न. 55, तह. कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) में प्रतिकुल कब्जा के आधार पर वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसका व्य.वाद. क्र. 44अ / 2023 फग्गुराम वगैरह बनाम पल्टु दास वगैरह पंजीकृत है, जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 02 भूदान यज्ञमंडल भूदान धारक जोरातराई निवासी ग्राम जोरातराई, तह. कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) को संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 16/04/2025 को में आप प्रतिवादी क्रमांक 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है। नियत पेशी तारिख को आप प्रतिवादी क्रमांक 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सुश्री कुमुदनी गर्ग
मुहर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

**गुप्त रोगी स्वयं मिलें**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## विश्व वानिकी दिवस पर उमरगांव में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

# चौड़ीकरण के लिए काटे गए वृक्षों के एवज में दस गुना पौधे रोपेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सामान्य वन मण्डल धमतरी के वन परिक्षेत्र बिरगुड़ी अंतर्गत ग्राम उमरगांव के कक्ष क्रमांक 495 में वन विभाग द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर क्षतिपूर्ति सिंचित वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर सामान्य वन मंडल धमतरी के डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, उमरगांव सरपंच अंजना ध्रुव, उपसरपंच फलेंद्र साहू, पूर्व सरपंच सुरेश मरकाम, कृष्णा मारकोले, देवेन्द्र सेन, अंगेश हिरवानी, ओमप्रकाश नेताम, उमेश मरकाम, आईएफएस सुश्री श्वेता कंबोज, एसडीओ वन जितेंद्र कुमार साहू, शिव शंकर नाविक, वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक गावड़े ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार धमतरी जिले के कोलियारी से खरेंगा मार्ग में सड़क चौड़ीकरण के लिए काटे गए वृक्षों के एवज में दस गुना 15200 पौधों का रोपण उमरगांव के मुहल्ला छिंदीटोला स्थित कक्ष क्रमांक 495 में किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस पर किया गया।





डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों की आवश्यकता है। लोग तात्कालिक लाभ के लिए अवैध रूप से पेड़ों को काट देते हैं लेकिन आगे चलकर इसके विनाशकारी परिणाम को हमें ही सहना है। श्री जाधव ने बताया कि विश्व वानिकी दिवस पर 50 नग पौधों का रोपण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस स्थान पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जायेगा। औषधीय पौधे भी रोपे जाएंगे। सिंचाई के लिए इस कक्ष में 3 नग बोर का खनन कार्य किया जा चुका है। पौधों की सुरक्षा के लिए कक्ष के चारों ओर जाली तार से फेंसिंग किया जाएगा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री गावड़े ने बताया कि गांव के स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को भी इस कार्य से जोड़ा जाएगा तथा जो लोग औषधि की जानकारी रखते हैं ऐसे लोगों से भी सहायता लेकर विलुप्तप्राय औषधीय पौधों का रोपण इस क्षेत्र में किया जाएगा। पेड़ पौधों की रक्षा करने के लिए वन विभाग द्वारा चौकीदार की व्यवस्था की जायेगी।

इस अवसर पर उमरगांव पंच हेमंत ठाकुर, रोहित मरकाम, भुनेश मरकाम, रामभरोष मरकाम सहित ग्रामवासी सोमन मरकाम, रंभा ध्रुव, बोधन मरकाम, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार कंवर, दिनेश साहू, ऋषि कुमार मेश्राम, अमित कुमार पटेल, लोमश साहू, प्रशांत ठाकुर, कल्याण साहू, रामकुमार कश्यप, बलीराम नेताम, अनिल कश्यप सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# संजीव, आयुष को चिरायु ने दिया नया जीवन

- दोनों बच्चे को थी दिल की बीमारी, ऑपरेशन के बाद स्वस्थ एवं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम लखनपुरी के संजीव नेताम पिता अम्बू नेताम को दिल की बीमारी थी जिसके कारण उनके सीने में दर्द था। थकान भी जल्द आती थी। इस बीमारी के कारण वह स्कूल भी नहीं जा पा रहा था। विभिन्न अस्पतालों के चक्कर लगाने एवं आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण उनका उपचार नहीं हो पा रहा था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित चिरायु कार्यक्रम से उनकी टीम सभी शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में बच्चों का प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण करने जाती है। टीम के सम्पर्क में आने के उपरांत बच्चे की इको जांच हेतु सत्य सांई अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें आगे के उपचार हेतु एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया। नगरी में संचालित चिरायु कार्यक्रम के डॉक्टर अखिल चंद्राकर, डा शमां खान, आभा साक्षी, दीपेश साहू, पूनम कुंजाम एवं सचिन साहू के प्रयास से एम्स में भर्ती कराकर उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन कराया गया। वर्तमान में बच्चा स्वस्थ एवं सुरक्षित है। इसी तरह नगरी से 12 किमी दूर ग्राम खड़पथरा के आयुष कुंजाम पिता ओमेश कुंजाम को दिल की बीमारी थी जिसके कारण उनके सीने में दर्द था। जल्द थकान एवं बार बार बीमार पड़ जाना जैसह दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसके कारण वह आंगनबाड़ी भी नहीं जा पता था। बच्चे को इको जांच के लिए सत्य सांई अस्पताल नया रायपुर ले जाया गया जहां दिल की बीमारी का पता चला एवं सफल आप्रेशन के लिए चिरायु टीम सी द्वारा सत्य सांई अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया।



नगरी में संचालित चिरायु कार्यक्रम के डॉ मिथिलेश साहू, गिरधारी साहू फार्मासिस्ट, संगीता ठाकुर एमएलटी, चित्ररेखा साहू एएनएम के सफल प्रयास से इनका ऑपरेशन सफल हुआ। बच्चा अभी पूर्णतः स्वस्थ व सुरक्षित है।

### भखारा कालेज की छात्रा ने आईआईटी जैम की परीक्षा उत्तीर्ण की

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीएससी गणित की छात्रा साक्षी साहू ने प्रथम प्रयास में ही आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित आईआईटी जैम की परीक्षा रसायन शास्त्र विषय में उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती मंजु झा ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष हरविंदर सिंह कुर्रे ने बताया कि विभाग द्वारा निरन्तर छात्रों को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका लाभ लेकर छात्र प्रतिवर्ष इस परीक्षा में सफल हो रहे हैं।



# शीतला शक्तिपीठ सिहावा में नवरात्रि की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

चैत्र नवरात्रि रविवार 30 मार्च से प्रारंभ हो रहीहै। शीतला शक्तिपीठ सिहावा व्यापक तैयारी में जुटा है। मन्दिर का रंग रोगन, साफ सफाई की जा रही है। प्रकाश व साउंड व्यवस्था, पूजा सामग्री, प्रचार प्रसार, भोजन प्रसादी के लिये समिति के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ रविवार 30 मार्च से हो रहा है। दोपहर 1.30 बजे घट स्थापना की जायेगी। मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिये पुजारी ज्ञानसागर पटेल, डॉआर एन पचौरी, निकेश बुक डिपो, किशोर भट्ट, केके परिहार, रामाराव बघेल, सपना बुक डिपो, नारायण प्रसाद पाठक, राजीव कम्प्यूटर, सुरेश विश्वकर्मा, हेमलाल साहू, मन्नू साहू के पास पंजीयन कराया जा रहा है। तेल ज्योति 851 रुपये, घी ज्योति 1501 रुपये निर्धारित है। समिति द्वारा अंतिम तीन दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नवरात्रि के तीसरे दिन से अष्टमी तक रोजाना भण्डारा का आयोजन होगा।



पंचमी के दिन गोलू मालू, सचिन भंसाली द्वारा माता को छप्पन भोग लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा। नवरात्रि की तैयारी में प्रमुख संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिशेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैद लाल यादव, आचार्य चन्द्रहास दुबे, ठाकुरदेव समिति के विजय पटेल, अंजोर निषाद, मंगाउ राम मरकाम, सोप सिंह, हरिकलाल नायक, आनंद राम, रामप्रसाद मरकाम सहित तुकाराम साहू, गैंदलाल शाण्डिल्य, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, तुकासिंह बैस, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, दीपक तंवर, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, संजय सारथी, रामलाल नेताम, उत्तम साहू, प्रवीण गुप्ता, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, कुंवर साहू, मंशाराम गौर, जग्गू साहू, नरेश पटेल, महेश साहू, लालजी साहू, लोकेश पवार, संतोष पवार, ललित निर्मलकर, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, अभय नेताम, खिरभान शाण्डिल्य, नवल साहू, दिनेश पटेल, बैजनाथ पटेल, बालसिंह शोरी, मंशा गौर, तुलसी कुंजाम, सुंदरिया साहू, चरणबति नेताम जुटे हुए हैं।

# परसवानी में हुआ मानस शक्ति केंद्र खैरा का होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मानस शक्ति केंद्र खैरा का होली मिलन कार्यक्रम ग्राम परसवानी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण के छाया चित्र में तिलक वंदन, माल्यार्पण कर किया गया।

प्रमुख वक्ता मानस शक्ति केंद्र के उपाध्यक्ष हेमराज साहू, महेंद्र कुमार साहू, लोमेश साहू , जितेंद्र साहू, रिखीराम साहू ,श्रीकांत मिश्रा, हरिराम साहू, गुलापराम साहू, राधेश्याम साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य को बताते हुए कहा कि होली का पर्व सद्भावना, समता, प्रेम का प्रतीक है ।इस अवसर पर होलिका दहन का विशेष महत्व है। होलिका दहन से तात्पर्य अहंकार का वध एवं भक्त प्रहलाद का आग से जीवित बचना सत्य, तपस्या, आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है। अतः अपने अहंकार का नाश कर सद्भावना की प्रवृत्ति भक्ति में हम सबको सत्य के रास्ते पर चलकर समाज में समानता सदभाव, समृद्धि, सौहार्द्र का वातावरण बनाना चाहिए। इस अवसर पर खिलेश्वर साहू, कमलेश साहू, चंद्रिका चंद्राकर, सुखी राम, गणपति यादव, शेखन साहू, जितेंद्र साहू, ठाकुरराम साहू, नरेंद्र चंद्राकर, सरपंच दीनबंधु चंद्राकर, उपसरपंच होरीलाल साहू, हरिराम, शंकर, भुवन, ठाकुरराम साहू, कोमल साहू, सुरेंद्र साहू, लुकेश साहू, कथाराम, हीरा साहू, चैतराम साहू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अंचल की खबरें

### कलेक्टर ने प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र का किया अवलोकन



**कुरुद।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरूद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रिकल, प्लंबिंग, वेल्डिंग, ड्राय वॉल फॉल्स सीलिंग, एग्रीकल्चर डेमो प्लॉट और एग्रीपायलट एआई मशीन का अवलोकन किया।

- विद्यार्थियों से प्रशिक्षण व प्लेसमेंट के बारे में जानकारी ली

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की और ट्रेनिंग अवधि व प्लेसमेंट की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सेंटर के प्रशिक्षण ढांचे और इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने स्किलिंग प्रशिक्षण के लिए बड़े स्तर पर मोबिलाइजेशन की आवश्यकता को समझते हुए इसके विस्तार के लिए आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की टीम के साथ कुरूद के एसडीएम नभसिंह कोसले, जनपद सीईओ सेन, बीईओ चंद्र कुमारसाहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जहां लोभ है वहां पाप है : सनाथ साहेब





**सिर्री।** ग्राम अटंग के कबीर आश्रम में 19 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। प्रवचनकर्ता बुरहानपुर के उत्तम साहेब, सनाथ साहेब, मुक्तिशरण सनाथ साहेब थे। सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्रवचन हुआ। प्रवचनकर्ता सनाथ साहेब ने कहा कि जहां दया है वहीं धर्म है, जहां लोभ है वहां पाप है। जहां क्रोध होता है वहां काल का वास है। आगे कहा कि व्यक्ति का स्वभाव क्षमा करने वाला होना चाहिए जिससे दयाभाव उत्पन्न हो और धर्म की रक्षा हो सके। प्रवचन के बाद आरती की गई। इस अवसर पर शिवकुमार साहू, रोशन चंद्राकर, विष्णुराम, मिलऊ राम, नारायण, गणेश, झगरू राम, चंद्रहास, कलीराम, द्वारिका, सूरज, सत्यनारायण, रूपेंद्र, रूपचंद, भागवत, मणिराम, यादराम, घनश्याम, सागर, नोहर, चंदू, आत्माराम, विमल, गिरधारी समेत अनेक श्रोतागण उपस्थित थे।

- अटंग में एकदिवसीय सत्संग समारोह का समापन

# समूह की महिलाएं मुर्गियां पालकर करेंगी आय अर्जित





- कुरूद में संचालित आधुनिक पोल्ट्री फार्म का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद में संचालित आधुनिक पोल्ट्री फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने फार्म के संचालक अनूप देवांगन से फार्म संबंधी विस्तृत जानकारी ली। श्री देवांगन ने बताया कि फार्म में 2 हजार मुर्गियां हैं, जिनसे वे अंडा उत्पादन करती है।

श्री देवांगन ने यह भी बताया कि वह अपने फार्म में सोनाली, बटेर, कड़कनाथ और ब्लैक स्ट्रालाप की मुर्गियों के अंडों का उत्पादन करता है और उनसे निकलने वाले चूजों को बेचता है। फार्म में अंगूरा नस्ल के खरगोश का भी पालन कर रहा है। साथ ही फार्म में उसने 30 हजार क्षमता की हैचरी भी बना रखी है। कलेक्टर मिश्रा फार्म को देखकर खुश हुए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इससे समूह की महिलाओं को लिंक करें, ताकि महिलायें यहां से चूजे खरीदकर उनका पालन करें और उन्हें बेचकर आय अर्जित कर सकें। कलेक्टर ने समूह के संचालक देवांगन को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की आवश्यकता हो तो, वे पूरा सहयोग करेंगे।

### कृषि महाविद्यालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कुरुद के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और महाविद्यालय के प्राचार्य से महाविद्यालय में छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा, छात्रों की संख्या, महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कामों की जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि यहां बालक एवं बालिका के लिए अलग-अलग छात्रावास संचालित है। वर्तमान में छात्रों की परीक्षाएं चल रही है। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई रखने तथा लैब को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

# कचना में लोककला महोत्सव 28 से 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 28, 29 एवं 30 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 28 मार्च शुक्रवार दीप प्रज्ज्वलन होगा। शुभारंभ के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत करेंगी। विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र ध्रुव सरपं कचना, श्रीमती गुलेश्वरी चैनू साहू उपसरपंच, नंदकुमार नेताम सरपंच नवांगाव, पुरूषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच कचना, मनोज साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नवागांव, अलखराम साहू अध्यक्ष सोसायटी, शैलेंद्र वर्मा पूर्व उपसरपंच कचना, मोहित जैन कृषि विस्तार अधिकारी, अमितसिंह ठाकुर पटवारी, घनाराम साहू ग्राम पटेल, ग्रामीण समाज प्रमुख चोवाराम साहू, पुनऊ चक्रधारी, सूरज निषाद, हरिराम सेन, कीर्तन टंडन, नकुल यादव, चित्रसेन मानिकपुरी होंगे। भव्य कलश यात्रा जयश्री कृष्णा राउत नाचा पार्टी ग्राम कण्हेरा (जुलुम) के साथ निकलेगी। मंगलाचरण श्री महाकाव्य मानस मंडली कचना का होगा। इसके बाद गुरु के संदेश बालिका पंथी पार्टी कचना एवं जय मरादेव मारया जस झांकी परिवार पचपेड़ी (भखारा) की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस 29 मार्च को जय बजरंग मानस परिवार सेनचुवा (कुरूद), छग दूरदर्शन कलाकार हेमलता पटेल भरथरी सिकोसा बालोद, जय कर्मा रामधुनी परिवार गुजरा (डोमा), संगम रामधुनी एवं मानस परिवार छिपली (जामली) की प्रस्तुति होगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच अभनपुर का कार्यक्रम होगा। 30 मार्च को दाई के दुलार मानस एवं रामधुनी परिवार कन्हारपुरी (गुरुर), श्री सीताश्री मानस परिवार ग्राम सिंगदेही (भखारा), जय अंबे रामधुनी परिवार डोंगेश्वरधाम देवपुर, जय दुर्गा पंडवानी पार्टी ग्राम नीनवा (तिल्दा), संगी जहुरिया सत्संग रामधुनी मंडली गोजी (राजिम), जय श्री नेवरिया चरवाहा फाग मंडली ग्राम पीसेगांव (दुर्गा) की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह 30 मार्च को होगा। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी हेमंत साहू अध्यक्ष, जपं कुरुद करेंगे। विशिष्ट अतिथि ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य कुरुद, शिवनारायण ताम्रकार अध्यक्ष, जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसो., रवि सिंगौर सरपंच सांकरा, धर्मेन्द्र ध्रुव सरपंच कचना, गुलेश्वरी चैनू साहू उपसरपंच कचना, पुरूषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच, आशीष रात्रे पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, हीरासिंग ठाकुर सचिव, डाया साहू, बीरेंद्र सोनवानी, कामता साहू, कुमार साहू, संतो टंडन, किसुन चक्रधारी, मोरध्वज साहू होंगे।

**Pride of Dhamtari**
**आनंद उत्सव**
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## अंचल की खबरें

### कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**धमतरी।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद का छत्तीसगढ़ के हवाई अड्डे में आत्मीय स्वागत किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू, महामंत्री क्रीड़ा भारती ननकू महाराज, क्रीड़ा सचिव टिकेश्वर निर्मलकर, सरिता मिश्रा मौजूद थे। इस दौरान उनसे कुश्ती खेल के विस्तार एवं छत्तीसगढ़ में होने वाली नेशनल कुश्ती के संबंध में चर्चा की गई।

### अंवरी में गायत्री महायज्ञ व पुराण कथा जारी





**अंवरी।** ग्राम अंवरी में गायत्री परिवार एवं ग्रामवाशियों के सहयोग से 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा 21 से 23 मार्च तक आयोजित है। कथावाचक पंडित परमानंद यादव ने बताया कि नशे से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। नशा से लीवर के खराब होने, हृदय संबंधी रोग, सांस संबंधी समस्याएं होती हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से अक्सर अवसाद, चिंता और मनोविकृति पैदा होती है। नशे से लोगों के व्यवहार में बदलाव हो सकता है। निर्णय लेने की क्षमता कमज़ोर हो सकती है। विकट परिस्थितियों में दुर्घटनाओं और चोटों की संभावना बढ़ सकती है। गांवों में गायत्री महायज्ञ पुराण का आयोजन कर गायत्री परिवार द्वारा नशामुक्ति का संकल्प दिलाया जा रहा है।

### ग्राम पटेल ने मनाया होली मिलन समारोह




**अंवरी।** भखारा तहसील अंतर्गत ग्राम पटेल का सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अतिथि भखारा भठेली नायब तहसीलदार विनोद बंजारे, भखारा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद गण, छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ उपाध्यक्ष गणेशाराम साहू भेंड्रा, महासचिव बलराम साहू सुपेला, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मनुलाल साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत कुर्रे, प्रदेश सहसचिव पुरुषोत्तम साहू, धमतरी जिला अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद साहू थे। ग्राम पटेल के अधिकार एवं कर्तव्यों पर विचार किया गया। ग्राम पटेल की महत्ता को रेखांकित किया। अतिथिगणों को प्रतीकचिन्ह भेंट किया गया।आभार प्रदर्शन महासचिव बलराम साहू ने किया। कार्यक्रम में तहसील भखारा के 70 से अधिक ग्राम पटेल उपस्थित थे।

### नगर परिक्षेत्र साहू समाज को सीएमओ ने चाबी सौंपी



**अंवरी/भखारा।** भखारा में नगर परिक्षेत्र साहू समाज भवन के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण विधायक निधि से किया गया है। भवन का लोकार्पण नवंबर माह में विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया था किन्तु ठेकेदार को भुगतान नहीं के कारण नगर परिक्षेत्र साहू समाज को चाबी नहीं सौंपा गई थी। शुक्रवार को नगर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष जितेंद्र तेलासी, उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू, तहसील उपाध्यक्ष मीलू राम साहू ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा से मुलाकात कर अतिरिक्त कक्ष की चाबी सौंपने का आग्रह किया जिस पर सीएमओ ने ठेकेदार को तुरंत बुलाकर सामाजिक पदाधिकारियों को भवन की चाबी सौंपी। इसके लिए नगर परिक्षेत्र साहू समाज भखारा के पदाधिकारियों ने विधायक अजय चंद्राकर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी का आभार माना।

### भानपुरी में कर्मा जयंती 25 को



**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में साहू समाज के पदाधिकारियों का चयन हुआ। समाजजनों ने सर्व सम्मति से पंचराम साहू को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष हेमचंद्र साहू, महिला उपाध्यक्ष अंजनी साहू, सचिव राकेश साहू, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंद्रजीत साहू, संरक्षक छन्नूलाल साहू, सलाहकार पूनमचंद साहू, महेश साहू, राजकुमार साहू और सहसचिव कुलेश्वर साहू को चुना। बैठक में निर्णय लिया कि संत माता कर्मा की जयंती 25 मार्च को मनाई जाएगी। इस दौरान पिछले सत्र में 10वीं और 12वीं कक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। रात में कचांदुर की नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी।

जिपं अध्यक्ष के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा के दिग्गज नेता भी पहुंचे

# होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उमंग उत्साह और भाईचारे का त्योहार है : अरुण





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में हजारों समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा। यह आयोजन ग्राम सांकरा स्थित उनके निवास स्थल पर हुआ, जहां चंदन तिलक और फूलों से होली खेली गई। इस अवसर पर जिले के प्रमुख भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। फूलों की वर्षा और चंदन की महक से पूरा माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण नजर आया। अरुण सार्वा ने सभी आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

समारोह में अरुण सार्वा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह जीवन में उमंग, उत्साह और भाईचारे का संदेश देता है। जिस तरह अलग-अलग रंग मिलकर एक सुंदर चित्र बनाते हैं, उसी तरह समाज भी प्रेम और एकता के रंगों से



सजा होना चाहिए। हमें जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे को अपनाने की सीख लेनी चाहिए। यह त्योहार हमें आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि

आप सभी का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मुझे मिला है, वह मेरे लिए अनमोल है। मैं हमेशा आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है और यह यात्रा आपके सहयोग से निरंतर जारी रहेगी।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रवि दुबे चुनाव संचालक, रामभुवन साहू, शांति बाई साहू, श्रीमती सोनी साहू, अजय ध्रुव जिपं सदस्य सदस्य, अनीता ध्रुव जिपं सदस्य, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व महामंत्री, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, कमल डागा, विकल गुप्ता, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, गोपी किशन कश्यप, कुलदीप साहू, राजू पटेल, जितेन्द्र मंडावी, शुभम यदु जनपद सदस्य, हुमित लिमजा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, अकबर कश्यप, मोहन पुजारी, वामन साहू, राजेश गोसाईं जनपद सदस्य, रूपेंद्र साहू, नागेन्द्र बोरझा सरपंच, विनय देवांगन, गिरवर भंडारी, पवन साहू, सतीष साहू, जन्मेजय साहू, सहनू राम साहू, सुगंध साहू, बलदाऊ यादव, श्रवण यादव, खेमेद्र साहू, लव साहू, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य, सुलोचना साहू पूर्व जनपद सदस्य, हेमलता साहू पूर्व जनपद सदस्य, सती मरकाम पूर्व सरपंच, शशि ध्रुव पूर्व सरपंच, जीवन नाग सरपंच मेचका, चन्द्र कुमार अग्रवानी सरपंच रिसगांव, शत्रुघन नाग सरपंच बोड़रा,भु नेश नेताम सरपंच मौहाबहरा, पूर्व उपसरपंच केजू राम सोरी, पूर्व उपसरपंच लखन मरकाम मौहाबहरा, संजय भंडारी, उदेराम साहू, निरंजन साहू उपस्थित थे। इस आयोजन ने न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक रूप से भी धमतरी जिले में एकता और उत्साह का संदेश दिया। अरुण सार्वा ने अपनी नेतृत्व क्षमता और जनसंपर्क कौशल से यह दर्शा दिया कि वे जन-जन के प्रिय नेता बनकर उभर रहे हैं।

# सचिवों ने शासन के आदेश की प्रतियां जलाई



सचिवों की हड़ताल को जनपद सदस्यों ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी ब्लाक के सचिव अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर रावणभाटा मैदान नगरी में पहुंचे हैं। शनिवार को शासन के आदेश अनुसार काम में वापस लौटने कहा गया था जिसमें शासन की तुगलकी आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया। हड़ताल को और उग्र रूप देते हुए अंतिम लड़ाई लड़ने का प्रण लिया गया। उन्होंने मोदी की गारंटी को पूरा करने की मांग की है। धरना में अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव सचिव रैनकुमार नेताम उपाध्यक्ष खूबचंद ध्रुव लक्ष्मी साहू कोषाध्यक्ष पीलाराम सेन सहसचिव सुखदेव भारती भूपेंद्र कुमार साहू, संरक्षक मदन सेन आसत समस्थ बुधराम नेताम, भीखराय कुलदीप, बुधराम, गैंदलाल साहू, थानसिंह देवांगन, राम कुमार एल्मा, सुरेश कुमार, हुलेश प्रजापति भरोस कुमार साहू, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, भोलाराम साहू, लक्ष्मी साहू, देव सिंह सोरी, रामप्रसाद सोरी, बिरेंद्र कुमार साहू, किसुन भास्कर, जोहर राम मरकाम, ममता उईके, सोनउ राम नेताम, भवानी प्रताप जागड़े, बिंदेश्वर यादव, कैलाश कुमार साहू, भूपेंद्र देवांगन, द्वारिका प्रसाद कुर्रे, थानसिंह देवांगन, छबिलाल मरकाम, संतोष कुमार ध्रुव, राधेराम मरकाम, कृष्ण कुमार नेताम, विष्णु, हरिशंकर साहू, दयालु निषाद, खिंजनलाल भंडारी, बलराम चंदन, लखनू राम मरकाम, मिश्रीलाल नाग, विष्णु नेताम, धनुष नेताम, बलराम नेताम, प्रमोद कुमार महिलांगे, खिलानंद नवरंग, यशोदा कोर्राम, शंकर ध्रुव एवं समस्त सचिव संघ के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सचिव संघ की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण है। उनकी हड़ताल का समर्थन देने क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, मुनेंद्र ध्रुव, नंदिनी साहू, क्षमा साहू, हनीफ खान, पुष्पादेवी ध्रुव, श्रीधन सोम, प्रभा नेताम, सोनराज वट्टी, शिवनाथ मरकाम भी पहुंचे थे।

# नेशनल हाईवे में फिर लगी धान से लदे ट्रकों की लाइन



- भाठागांव संग्रहण केंद्र में स्टेक बनाने भूसा का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अधिकारियों की उदासीनता व ठेकेदार की लापरवाही से होली के बाद 15 मार्च से विभिन्न जिलों के उपार्जन केंद्रों से उपज लोड कर भाठागांव धान संग्रहण केंद्र पहुंचे सैकड़ों ट्रकों में भरी धान की बोरियां फिर एक बार भूसे के अभाव में स्टेक नहीं बन पाने के कारण खाली नहीं हो पाई है। नतीजन राष्ट्रीय राजमार्ग पर फिर धान संग्रहण केंद्र भाठागांव से लेकर संगवारी ढाबा तक करीब डेढ़ किलोमीटर ट्रकों की लंबी लाइन लग गई है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित शाखा रायपुर द्वारा धमतरी जिला में निर्धारित भोयना, जवरगांव, भाठागांव और समीपस्थ चिटौद पुरूर धान संग्रहण केंद्रों में भंडारण किया जा रहा है जिसमें भोयना, जवरगांव और चिटौद केंद्रों में भंडारण पूरा हो चुका है।

अब कुरूद के भाठागांव स्थित केंद्र क्रमांक 1 के बाद बगौद रोड के फड़ क्रमांक 2 में भंडारण किया जा रहा है। लेकिन भूसे के अभाव में स्टेक तैयार नहीं हो पाने के चलते हप्तेभर से ट्रकों से धान खाली नहीं हो पा रहा है। उधर नेशनल हाईवे में धान अनलोडिंग नहीं होने से करीब सप्ताह भर से ट्रकों से सड़क दुर्घटना और अचानक मौसम खराब होने और बारिश होने से चालक हड़बड़ाए हुए हैं।

### समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है

भाठागांव संग्रहण केंद्र के प्रभारी शिवकुमार ध्रुव ने बताया कि भूंसा के अभाव में स्टेक नही हो रहा है।जिससे ट्रकों में लोड धान को खाली नही कराया जा रहा।जिसके चलते ट्रकों की लंबी कतारें लग गई है। यह स्थिति सप्ताह भर से निर्मित हुई है।इसके पहले सही समय पर भूंसे उपलब्ध हो जाता था।जिससे स्टेकिंग भी उचित समय पर किया जाता रहा है। इस समस्या से मार्कफ़ेड के अधिकारियों एवं भूंसा उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को अवगत करा चुके हैं।किंतु समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई।

### जनवरी में 9 दिनों तक नेशनल हाईवे में खड़ी थी ट्रकें

ज्ञात हो कि महीने भर पहले जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में भी भूंसा का अभाव एवं हमालों,रेजाओं का मजदूरी का भुगतान नही होने से स्टेक नही किया गया था।जिससे नेशनल हाईवे में 9 दिनों से करीब दो सौ ट्रकों की लंबी लाइने लग गई थी।जिसे लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद ठेकेदार और अधिकारियों ने संग्रहण केंद्र पहुंच समस्या को दुरुस्त कर स्थिति को बहाल किया था। महीने भर बाद फिर भूंसा के अभाव में स्टेक नही लगने से ट्रकों की कतारें लगने लगा है।

### मंडी प्रांगण में मनाया गया होली मिलन

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में ग्राम पटेल सम्मेलन का आयोजन हुआ। होली मिलन समारोह भी मनाया गया। इस अवसर पर नपं भखारा के उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने ग्राम पटेल की भूमिका और होली त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डाला।



## खबर संक्षेप

### समीर-भूपेंद्र का आर्मी में चयन




**सांकरा।** ग्राम सांकरा निवासी समीर पिता अंजोरसिंह ध्रुव एवं ग्राम बेलरबाहरा निवासी भूपेंद्र पिता हरिराम शांडिल्य का इंडियन आर्मी में चयन हुआ है। इनके चयन से ग्रामीणों में हर्ष है।

### बाघदेही मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे

**धमतरी।** ग्राम साल्हेभाट स्थित मां बाघदेही मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। मंदिर समिति के शिवकुमार भंडारी, लगन दास, निरंजन साहू, टीकम दास, गीतराम साहू ने इच्छुक भक्तजनों से स्थान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ज्योति कलश शुल्क 1001 रूपए रखा गया है।

### तिलक वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष बने

**धमतरी।** महर्षि वाल्मीकि समाज में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ।



तिलक चौहान 54 वोटों से विजय हुए। श्री चौहान ने समाज में एकता, अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। समाज को एक नई दिशा देने सभी का सहयोग मांगा।

### शहीद बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आज



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच की ओर से 23 मार्च रविवार को शाम 5 बजे गांधी मैदान कचहरी चौक में बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अमर बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू की वीरता को नमन किया जाएगा। 5 बजे एकत्रीकरण, देशभक्ति गीत, 6 बजे दीप प्रज्जवलन, 6 बजे के बाद अतिथि परिचय-स्वागत, उद्बोधन, कवि सम्मेलन, देशभक्ति गीत की प्रस्तुति, 7 बजे उद्बोधन, भक्तिगीत, कविता पाठ, 8.30 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा।

### सोरिद-जोधापुर में 26 को कर्मा जयंती

**धमतरी।** सोरिद जोधापुर वार्ड में साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन 26 मार्च को किया जा रहा है। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वार्ड पार्षद विशु देवांगन के नेतृत्व में समाजजनों ने विधायक ओंकार साहू से उनके निवास स्थान आमदी में भेंटकर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया जिस पर विधायक ने अपनी सहमति व्यक्त की। विधायक से सामाजिक विषयों के साथ शहर विकास पर चर्चा की गई। इस दौरान साहू समाज अध्यक्ष रमन साहू, कोषाध्यक्ष कौशल साहू, राजाराम साहू, रामकुमार साहू, रमेश साहू, रामेश्वर साहू, गोवर्धन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

देश-विदेश से पहुंचे 22 ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने दी भागीदारी

# अंतरराष्ट्रीय सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2025 का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

युवा कलाकारों को प्रोत्साहन देने हीरा सिरामिक फाउंडेशन कुरुद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जा रहे अंतरराष्ट्रीय सिरामिक उत्सव नगाड़ा-2025 का समापन धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने सिरामिक उत्सव में कलाकारों द्वारा बनाई गई अदभुत कलाकृति को देखकर तथा उसके पीछे कलाकारों की मेहनत को देखकर भाव- विभोर हुए।

होली के बाद रंगपंचमी के दिन से लगातार तीन दिनों तक आयोजित हुए इस सिरामिक उत्सव का उद्घाटन नगर पंचायत कुरूद की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चन्द्राकर तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नीरज चन्द्राकर, मनोज त्रिपाठी, स्वराज सिंह कलशी ने किया था। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की सिरामिक कार्यशाला में अमेरिका, इजराइल सहित गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 22 से अधिक ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने भागीदारी की।

### अमेरिका व इजराइल से भी पहुंचे थे कलाकार

कार्यशाला के अंतिम दिन अमेरिका से भारतीय विधा सीखने आए कलाकार डेनिस स्टीलवेल और इजराइल में निवासरत भारतीय मूल के कलाकार चंचल बंगा ने कला की अपनी शैली का प्रदर्शन डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से किया। भुवनेश्वर से आए कलाकार सरोज राउत ने अपने काम के बारे में विस्तार से बताया। तीन दिन तक चली इस कार्यशाला में कलाप्रेमी स्थानीय गणमान्य नागरिक योगेन्द्र त्रिपाठी, हुकुम वर्मा और अनंत साहू ने कलाकारों के साथ कार्यशाला का आनंद उठाया था। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की सिरामिक कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों में प्रमुख रूप से बड़ौदा गुजरात से कृष्ण पडिया, सुश्री दीपा पंत, महाराष्ट्र से मुकुन्द जेठवा, उड़ीसा से सरोज राउत, उत्तरप्रदेश से प्रेम शंकर प्रसाद, सुश्री डॉ. लकी टांक, सुश्री पल्लवी सिंघ, राजस्थान से पवन शर्मा, मध्यप्रदेश से दिव्या पोरवाल, छत्तीसगढ़ से डॉ. छगेन्द्र उसेंडी, सुश्री विजया त्रिपाठी, सुश्री राखी गुप्ता, युगल किशोर, हुमन चक्रधारी ने हिस्सा लिया।

### स्थानीय संस्कृति से मेहमान कलाकार हुए परिचित

कार्यशाला के संयोजक चिरायु सिन्हा और सहसंयोजक सुश्री देशना जैन ने कार्यशाला में कलाकारों को बेहतर वातावरण देने का प्रयास किया। उन्हें आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया साथ ही कार्यशाला में उनके द्वारा भी अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। सबसे महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ की स्थानीय संस्कृति से मेहमानों को परिचित कराने का प्रयास भी उनके द्वारा किया गया। जिले के कुछ प्रभावशाली व्यक्ति जिनकी कला के क्षेत्र में विशेष रूचि है जैसे कुरूद के प्रतिष्ठित इमरान बेग, कैलाश शुक्ला, शिवप्रताप ठाकुर, अखिलेश दास वैष्णव सहित धमतरी के कविंद्र जैन तथा कुरुद के कलाप्रेमी व्यक्तियों एवं परिवार के सहयोग ने इस उत्सव में इंद्रधनुषी रंग भरने का कार्य किया।

#### सृजनकर्ता कलाकार ही अपनी कल्पना को आकार देता है

समापन अवसर पर पहुंचे कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि कलाकार सृजनकर्ता होता है वो अपनी कल्पना को आकार देता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिनमें ईश्वरीय शक्ति होती है वही सृजन कर सकता है। उन्होंने कलाकारों को यह आश्वासन भी दिया कि आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजन को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास प्रशासन की ओर से किया जायेगा। जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव और अनुविभागीय अधिकारी कुरुद नभसिंह कोसले ने भी देश-विदेश से आए कलाकारों से उनकी कला के विषय में विस्तार से जाना। नवोदित कलाकारों की कला के प्रति समर्पण भावना को देख अतिथिगण प्रभावित हुए।

# नपं उपाध्यक्ष ने लिया प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से आशीर्वाद

**कुरूद।** नगर पंचायत कुरुद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कुरुद के कांग्रेसी नेताओं के साथ प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अलावा पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा से उनके रायपुर स्थित निवास में मुलाकात की।

कुरूद कांग्रेस के संगठन एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति एवं अपने पार्षद साथियों के साथ नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करने रायपुर एवं दुर्ग निवास पहुंचकर सभी नेताओं को गजमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान देवव्रत ने कहा कि मुझ जैसे युवा पर जो भरोसा और विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है उसे भरोसे , विश्वास को बरकरार रखकर सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कुरूद शहर की आम जनता की निःस्वार्थ भाव से सेवा करूंगा और सभी वर्ग को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूंगा। इस अवसर पर कांग्रेसी नेतागण लेखराम साहू, सुश्री राजकुमारी दीवान, आशीष शर्मा, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, रमेश्वर साहू, प्रहलाद चंद्राकर, गीता राम सिन्हा, रवि शर्मा, शत्रुहन साहू , पार्षदगण उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, राघवेंद्र सोनी, ऐश्वर्य साहू, महिम शुक्ला, सोमप्रकाश साहू, तुकेश साहू, योगेश साहू उपस्थित थे।



पूर्व सीएम, पूर्व गृहमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

# संघ के होली मिलन समारोह में लोग हुए गुलाल से रंग बिरंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ फाग गीत के साथ गूंजी नगाड़ों की थाप

22 मार्च को सत्संग भवन गोकुलपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। शाम 4:30 बजे सत्संग भवन में स्वयंसेवकों ने फाग गीत गाकर नगाड़ों की थाप पर खूब नृत्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकार्यवाहक जितेन्द्र यदु थे। अध्यक्षता आयुर्वेदाचार्य डॉ. अवध पचौरी ने की। विशिष्ट अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. पचौरी ने सभी स्वयंसेवकों को होली पर्व की बधाई देते हुए आपसी प्रेम और सौहार्द्र से रहने की अपील की। हमारा देश इसी तरह हंसता रहे और गुलदस्ता की भांति खिलता रहे।



मुख्य वक्ता जिला सहकार्यवाहक जितेन्द्र यदु ने कहा कि धार्मिक पर्वों में होली और दिवाली का विशेष महत्व है। होली से ही मन में उत्साह छा जाता है। आज और पूर्व की होली में धीरे-धीरे अंतर आ रहा है। आज होली पर हुड़दंगियों के कारण हमारी माता बहनों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। सनातन धर्म का मजबूत आधार हमारा पारंपरिक त्योहार है इसलिए हमें इस त्योहार के माध्यम से संगठित होने की जरूरत है। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने जाति पाति का भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व गले लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर घनश्याम साहू, मोहन साहू, रोहित देवांगन, मोहित साहू, मोहनलाल साहू, दिनेश पटवा, चन्द्रशेखर पद्मवार, धरम साहू, विशाल ब्रम्हे, लेखराम नेताम, शंकर साहू, नोहर देवांगन, राजकुमार महंत, फनेश्वर पिथौरा, अक्षय सोनी, राजू तिवारी, राजू सोनकर, वेदूराम साहू, महेश साहू, कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, हरलाल साहू, अमिताभ साहेब, हेमंत साहू, विजय ठाकुर, विनोद राव रणसिंह, धनेश हिरवानी, मारूति जायसवाल, शैलेष साहू, मनीराम साहू, शैलेष चन्द्राकर, नरेश साहू, हेमंत राव, तिलोक मीनपाल, नीतेश कुंभकार, राजकुमार पटेल, सागर निर्मलकर, डॉ. डीआर सिन्हा, उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।



# मां अंगारमोती मंदिर में कलश स्थापना 30 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर गंगरेल में चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश की स्थापना होगी। तेल एवं घृत ज्योति प्रज्जवलन के लिए ट्रस्ट द्वारा पंजीयन किया जा रहा है। ट्रस्ट के सचिव देवानंद नेताम ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष कोमलसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में नवरात्रि पर्व के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। 30 मार्च रविवार को शाम 5 बजे ज्योति कलश प्रज्ज्वलन, 2 अप्रैल बुधवार को महापंचमी एवं 5 अप्रैल शनिवार को महाअष्टमी, हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। ट्रस्ट के संरक्षक हेमलाल ठाकुर, उपाध्यक्ष शिवचरण नेताम, पुजारी ईश्वर नेताम, सचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष मनराखन ठाकुर, रामजी ध्रुव, भरत उइके, नरोत्तमसिंह ठाकुर, शत्रुघन नेताम, सरजूराम ठाकुर, बलीराम ध्रुव, ओंकारसिंह नेताम, हुलारसिंह कोर्राम, सुदर्शनसिंह, झागेश्वर ध्रुव, गणेश्वर ध्रुव, ललित ठाकुर, डा.आनंदराम ठाकुर, माधवसिंह ठाकुर, घनश्याम नेताम, अरविंद नेताम, मानसिंग नेताम, देवेंद्र नेताम, दीपक छेदैया, केशव नेताम, आनंदराम नेताम, संतोष ध्रुव, गीता नेताम, नंदा ध्रुव, प्रेमलता नेताम ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# लोगों ने सुनी कृष्ण जन्मोत्सव व पूतना वध की कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम कुर्रा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व पूतना वध एवं नंदोत्सव की कथा का वर्णन किया। कथावाचक ने बताया कि कंस के कारागार में भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कंस ने अनेक राक्षसों को भेजकर बाल्यावस्था में भगवान कृष्ण का वध कराना चाहा। पूतना राक्षसी का वध भगवान ने किया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वधकर पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथास्थल को सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने नृत्य कर नंदोत्सव मनाया।



# भोथली के दृष्टिबाधित वेश को मिला लैपटॉप

■ सपनों को पूरा करने में मिलेगी मदद, दूसरों पर नहीं रहना पड़ेगा निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विकासखंड के ग्राम भोथली के वेश देवांगन को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर लैपटॉप प्रदान किया गया है। उसने बीते दिनों कलेक्टर से मिलकर सहयोग करने के संबंध में आवेदन दिया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था।

वेश देवांगन ने बताया कि वह शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित है। उसके माता-पिता रोजी मजदूरी कर परिवार का जीवनयापन करते हैं। वेश वर्तमान में दिल्ली के देशबंधु कॉलेज में बीए प्रोग्राम फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है। उसे अपनी पढ़ाई को जारी करने और बेहतर ढंग से अपने नोट्स असाइनमेंट आदि को संकलित करने के लिए लैपटॉप की आवश्यकता थी।इसके लिए उसने कलेक्टर श्री मिश्रा से सहयोग की मांग की थी। कलेक्टर श्री मिश्रा के प्रयास की बदौलत रायपुर की अर्पण संस्था ने लैपटॉप प्रदान किया है। लैपटॉप मिल जाने से अब वेश को किसी अन्य पर आश्रित रहने की आवश्यकता नहीं होगी और वह अब अपने सपनों को पूरा कर सकेगा। इस सहयोग के लिए वेश ने कलेक्टर श्री मिश्रा, समाज कल्याण विभाग और अर्पण संस्था को धन्यवाद दिया है।



### जरूरतमंदों की मदद के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा है कि जिले के हर जरूरतमंद और कमजोर वर्गों की मदद के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिले के समाजसेवी संस्थाओं, दानदाता, समाज प्रमुखों तथा अन्य इच्छुक दानदाताओं से अपील की है कि वह इस पुनीत कार्य में आगे आकर सहयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से ऐसे जरूरतमंदों को लाभान्वित करें।

अर्पण संस्था की अध्यक्ष श्रीमती साधना दुग्गड़ ने बताया कि उनकी संस्था दृष्टिबाधित दिव्यांग सहित अन्य जरूरतमंद दिव्यांगों, आंगनबाड़ी के कुपोषित बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों आदि का सहयोग करती है। संस्था द्वारा हर रविवार को कैंसर पीड़ित मरीजों को भोजन कराया जाता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# नारी सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला



**धमतरी।** जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ सिलीडीह में हुई। इसमें जिला के पांचों ब्लॉक धमतरी, नगरी, मगरलोड, भखारा, कुरूद की 200 महिलाओं ने भाग लिया। प्रांतीय नारी जागरण प्रमुख डॉ. कुंती साहू ने बताया कि नारी राष्ट्र की शक्ति है। कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक किए जाते हैं। शांत साहू ने महिला मंडल को संगठित करने के टिप्स दिए। रुक्मणि बंछोर ने बाल संस्कार रशाला, किशोर शाला, नशा उन्मूलन, साप्ताहिक गोष्ठी एवं साधना महिला मंडल की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर जोर दिया। मौके पर श्रीमती लक्ष्मी साहू, कौशल साहू, दुर्गेश नंदिनी, नोशन सिन्हा, बबीता साहू, लता देवांगन, पुष्पा साहू, सोहद्रा तारक, रामकुंवर सार्वा, श्रीमती साधना देवांगन, ओमकुमारी कंवर, रुक्मणि साहू, कविता डडसेना, संतराम निषाद, चंद्रवती साहू, लक्ष्मी साहू, श्रद्धा साहू, रुक्मणि बंछोर, गायत्री वोदेले, हेमिन गंजीर, नेहा ध्रुव, सुधा निषाद, टीकाराम साहू, दुलार सिन्हा, जितेंद्र साहू, मानसिंह साहू, पोखराज साहू, उपांशु साहू, मन्टोरा, यशोदा समेत विभिन्न महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020